न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)
तारापुर महाराष्ट्र स्थल Tarapur Maharashtra Site
डाक : टीएपीपी, बोईसर (प.रे.), जिला : पालघर (महाराष्ट्र) 401 504
PO : TAPP, Boisar (WR), Dist.Palghar, Maharashtra – 401504
CIN:U40104MH1987GOI149458, Web:www.npcilcareers.co.in

## मानव संसाधन HUMAN RESOURCE

### शिक्षुता अधिनियम – 1961 के तहत ट्रेड शिक्षुओं के विनियोजन के लिए अधिसूचना
### NOTIFICATION FOR ENGAGEMENT OF TRADE APPRENTICES UNDER APPRENTICES ACT-1961

| | |
|---|---|
| विज्ञापन सं. Advertisement No. | **तामस्थ/मासंप्र/शिक्षुता/2022**<br>**TMS/HRM/APPRENTICESHIP/2022** |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि OPENING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION | **11 जनवरी 2023 को 10:00 बजे से**<br>**11 January 2023 at 10:00 hrs.** |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि CLOSING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION | **25 जनवरी 2023 को 16:00 बजे तक**<br>**25 January 2023 at 16:00 hrs.** |

भारत में नाभिकीय प्रौद्योगिकी के समस्त पहलुओं जैसे नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों के स्थल चयन, डिजाइन, निर्माण, कमिशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण व उन्नयन, संयंत्र जीवन-काल विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन व डीकमिशनिंग आदि एक ही स्थान पर करने की समग्र क्षमता वाले **भारत सरकार, परमाणु ऊर्जा विभाग** के अधीन कार्यरत **सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, एनपीसीआईएल** युवाओं और उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तारापुर महाराष्ट्र स्थल, जिला: पालघर, महाराष्ट्र में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 और यथासंशोधित अप्रैंटिसशिप नियमावली, 1992 के अंतर्गत ट्रेड अप्रैंटिसेस के विनियोजन के लिए आईटीआई पाठ्यक्रम पास किए हुए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।
**NPCIL**, a premier **Public Sector Enterprise** under **Department of Atomic Energy, Government of India** having comprehensive capability in all facets of Nuclear Technology viz. Site Selection, Design, Construction, Commissioning, Operation, Maintenance, Renovation, Modernization, & Upgradation, Plant life extension, Waste Management and Decommissioning of Nuclear Reactors in India under one roof, invites applications from the candidates passed out from ITI Courses are invited for engagement of Trade Apprentices under the Apprentices Act, 1961 and Apprenticeship Rules, 1992 as amended from time to time in the Tarapur Maharashtra Site, in Palghar District, Maharashtra to make it more responsive to the needs of youth and industry.

1. **ट्रेड का विवरण Details of Trade :**

| क्र.सं. Sl.No. | निर्धारित ट्रेड Designated Trades | सीटों की संख्या No. of seats | प्रशिक्षण अवधि Duration of training | अपेक्षित अर्हता Qualification required |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | फिटर Fitter | 25 | एक वर्ष one year | संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाणपत्र ITI Pass Certificate in respective trade |
| **2.** | टर्नर Turner | 09 | | |
| **3.** | इलेक्ट्रिशियन Electrician | 33 | | |
| **4.** | वेल्डर Welder | 38 | | |
| **5.** | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक Electronics Mechanic | 16 | | |
| **6.** | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक Instrument Mechanic | 6 | | |
| **7.** | प्रशीतन एवं एसी मैकेनिक Refrigeration and AC Mechanic | 20 | | |
| **8.** | कार्पेन्टर Carpenter | 19 | | |
| **9.** | प्लम्बर Plumber | 20 | | |
| **10.** | वायरमैन Wireman | 16 | | |
| **11.** | डीजल मेकेनिक Diesel Mechanic | 07 | | |
| **12.** | मैकेनिकल मोटर वेहीकल Mechanical Motor Vehicle | 07 | | |
| **13.** | मशीनिस्ट Machinist | 13 | | |
| **14.** | पेंटर Painter | 18 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **15.** | ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) Draughtsman (Mechanical) | 02 | एक वर्ष one year | संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाणपत्र ITI Pass Certificate in respective trade |
| **16.** | ड्राफ्ट्समैन (सिविल) Draughtsman (Civil) | 02 | | |
| **17.** | सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण Information and Communication Technology system Maint. | 18 | | |
| **18.** | कंप्यूटर ऑपरेटर व प्रोग्रामिंग सहायक Computer Operator and programming Assistant | 18 | | |
| **19.** | आशुलिपिक (अंग्रेजी) Stenographer (English) | 02 | | |
| **20.** | आशुलिपिक (हिंदी) Stenographer (Hindi) | 02 | | |
| **21.** | अनुसचिवीय सहायक Secretarial Assistant | 04 | | |
| | कुल Total | 295 | | |
| | कुल पद 295; अनु.जाति-29, अनु. जनजाति-26, अ.पि.वर्ग (एनसी)-79, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-29, अनारक्षित-132 (295 में से 11 पोस्ट पीडब्लूबीडी के लिए आरक्षित हैं) Total seats-295, SC-29,ST-26,OBC (NC)-79, EWS-29, UR-132 (Out of 295, 11 seats are reserved for PwBD) | | | |

नोट : अभ्यर्थीगण, जिन्होंने पहले से ही किसी केंद्रीय/राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा किसी निजी संस्थान में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 के अंतर्गत प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है अथवा वर्तमान में प्राप्त कर रहे हैं, वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।

Note : Candidates who have already undergone or are currently undergoing apprentice training under the apprentice Act, 1961 in any Central/State Government or Public Sector Undertaking or any Private organization are not eligible to apply.

2. **शिक्षुता के दौरान वृत्तिका Stipend during Apprenticeship** :

प्रशिक्षु को अप्रैंटिस एक्ट, 1961 एवं समय समय पर इस संबंध में जारी किए गए संशोधनों के अनुसार वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा। वृत्तिका की दर वर्तमान में निम्नानुसार है:
The apprentices will be paid stipend as per the Apprentices Act 1961 and amendments issued in this regard from time to time . At present the rate of stipend will be as under:

| आईटीआई ट्रेड की अवधि Duration of ITI Trade | राशि Amount |
|---|---|
| जिन्होंने आईटीआई पाठ्यक्रम का एक वर्ष पूर्ण किया है For those who have completed one year of ITI course | Rs. 7700/- |
| जिन्होंने आईआईटी पाठ्यक्रम के दो वर्ष पूर्ण किए हैं For those who have completed two years of ITI course | Rs. 8855/- |

3. आयु मानदण्ड Age Criteria:-

दिनांक 25/01/2023 को आवेदक की आयु 14 वर्ष से कम नहीं एवं 24 से अधिक नहीं हो। भारत सरकार के निदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 3 वर्ष और पीडब्ल्युबीडी के अभ्यर्थियों को 10 वर्षों की छूट दी जाएगी।
Should not be less than 14 years and more than 24 years as on 25/01/2023. Relaxation upto 5 years for SC/ST, 3 years for OBC and 10 years for PWBD candidates would be given as per the Govt. of India Directives.

4. शारीरिक मापदण्ड Physical Standard

आवेदक से अपेक्षित शारीरिक मापदण्ड निम्नानुसार हैं:
**T**he candidates should possess the required physical standard as below :

| | |
|---|---|
| ऊंचाई Height | 137 सेमी 137 cm |
| वजन Weight | 25.4 किलो 25.4 Kg |
| Chest measurement | 3.8 सेमी से कम प्रसार नही होना चाहिये (छाती मापन का विचार किए बिना) Expansion should not be less than 3.8. cms (Irrespective of size of chest). |
| दृष्टि Vision | किसी भी आँख के और किसी भी आँख की पलक के रोगग्रस्त होने की कोई निशानी नहीं होनी चाहिए जिससे खतरा हो या वह और गंभीर हो या उसकी पुनरावृति होने की संभावना हो। There should be no evidence of any morbid condition of either eye and the lids of either eyes which may be liable to risk or aggravation or recurrence. |
| टिप्पणी Note | चयनिय उम्मीदवार को ट्रेड अप्रेन्टिस के रूप में लेने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिर्धारित चिकित्सा परीक्षण उत्तीर्ण करना होगा Selected candidate should pass the Medical examination prescribed by the Competent Authority before being engaged as Trade Apprentices. |

5. **<u>चयन प्रकिया Selection procedure</u>**

**अप्रेन्टिस का चयन आई.टी.आई में** सभी सेमेस्टरों में **प्राप्त अंको पर आधारित होगा |**
The selection of apprentices will be based on the marks obtained by the candidate in ITI in all semesters.

## <u>सामान्य शर्तें **GENERAL CONDITIONS**</u>

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं। Only Indian Nationals are eligible to apply.

2. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के समाप्त होने तक एक वैध एवं सक्रिय व्यक्तिगत ईमेल आईडी तथा मोबाइल नंबर रखें। एक बार पंजीकृत होने के बाद ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर बदलने की अनुमति नहीं होगी। एनपीसीआईएल द्वारा पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्मय से ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार आदि हेतु सूचना/कॉल लेटर भेजा जाएगा तथा अभ्यर्थी द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस भी भेजा जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर ट्राई एनसीपीआर सूची (पहले डीएनडी कहा जाता था) में है, तो पंजीकरण से संबंधित अलर्ट (संदेश) उसे प्राप्त नहीं होंगे।
   Candidates are advised to have a valid and active personal e-mail ID & mobile number till the completion of selection process. No change in the email id and mobile number will be allowed once registered. NPCIL will send intimation only through the registered E-mail ID and SMS will also be sent to the mobile number given by the candidate. If the mobile number registered by the candidate is in the TRAI NCPR list (formerly called DND), candidate will not receive SMS alerts related to the registration.

3. अ.जा./अ.ज.जा.और अ.पि.व/ईडब्लूएस/ पीडब्ल्युबीडी के आरक्षण संबंधी भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षु आबंध करने के संबंध में आदेश लागू होंगें।
   Govt. of India orders on reservation of SC/ST/OBC/EWS/PwBD as applicable for engagement of apprentices shall be followed.

4. प्रशिक्षण का स्थान तारापुर महाराष्ट्र स्थल, डाक:टीएपीपी वाया-बोईसर (पश्चिम रेलवे), तालुका एवं जिला:पालघर 401504 रहेगा।
   Placement of training shall be Tarapur Maharshtra Site, PO: TAPP via Boisar (W/Rly), Tal & District – Palghar 401504.

5. आबंध और प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैंटिस एक्ट, 1961 और यथासंशोधित अप्रैंटिसशीप नियमावली, 1992 के प्रावधानों के पूर्ण अनुपालन के क्रम में हैं और प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षुओं को **<u>रोजगार प्रदान करने की कोई बाध्यता नहीं है।</u>**
   The engagement and training is strictly in compliance with the provisions of Apprentices Act, 1961 and Apprenticeship Rules, 1992 and **<u>there is no obligation to provide regular Employment</u>** on completion of apprenticeship training.

6. प्रबंधन किसी विशेष ट्रेड में सीटों की संख्या निरस्त करने अथवा बदलने और यहां तक कि प्रशिक्षुओं के चयन की पूरी प्रक्रिया को ही बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। Management reserves the right to cancel or alter the number of seats of particular trade or even the entire process of engagement of apprentices without assigning any reason whatsoever.

7. प्रशिक्षु प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष होगी।The period of Apprentice training will be for one year only.

8. अभ्यर्थी को प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करते समय जिला पुलिस प्राधिकारी से पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
   The selected candidate has to produce a Police Verification Certificate from the District Police Authority.

9. चयनिय शिक्षुओ का नियोजन कॉर्पोरेशन की आवश्यक्तानुसार चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित कीए जाने निर्भर है| ऐसे सभी नियोजन भी कॉर्पोरेशन के संबधित नियमो/नीतियो/दिशानिर्देशो पर निर्भर होंगे

Engagement of selected apprentices is subject to his/her being declared medically fit as per the requirement of the Corporation. All such engagement will also be subject to all relevant Rules/policies/guidelines of the Corporation.

10. **प्रशिक्षुता हेतु चयनित अभ्यर्थी उनके नियंत्रण परे कारण के सिवाय किसी अन्य वजह से प्रशिक्षण छोड़कर नहीं जा सकते।** पूर्वनिर्दिष्ट ट्रेड में प्रशिक्षण पाने वाले व्यक्ति को अप्रैंटिस एक्ट, 1961 और अप्रैंटिसशीप नियमावली, 1992 के अनुसार एनपीसीआईएल के साथ प्रशिक्षुता करारनामा करना पड़ेगा। यह करारनामा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने पर समाप्त होगा। प्रशिक्षुता करारनामे की समयपूर्व समाप्ति या विस्तार संबंधी विषय पर अप्रैंटिस एक्ट, 1961 और यथासंशोधित अप्रैंटिसशीप नियमावली, 1992 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहेंगे वे उनके प्रशिक्षण की पूर्ण लागत और केन्द्रीय प्रशिक्षुता सलाहकार द्वारा निर्धारित वृत्तिका के रूप में प्राप्त राशि लौटाने के लिए उत्तररायी रहेंगे।
Candidates selected for apprenticeship will not be allowed to withdraw from training, except for reasons, which are beyond their control**.** The person engaged to undergo apprentice training in a designated trade shall enter into a contract of apprenticeship with NPCIL as per the Apprentice Act, 1961 and Apprenticeship Rules 1992. The contract of apprenticeship shall terminate on the expiry of the period of apprenticeship training. Any premature or extension of contract of apprenticeship shall be dealt as per the provisions of the Apprentices Act, 1961 and Apprenticeship rules 1992. Those who remain absent from traineeship are liable to refund the whole cost of their training as well as the amount received as stipend as determined by the Central Apprenticeship Advisor.

11. प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रत्येक प्रशिक्षु को कौशल विकास एवं उद्यम-ज्ञान द्वारा समय समय पर जारी होने वाले दिशा निर्देश के अनुसार टेस्ट/परीक्षा देनी पड़ेगी |
Every Apprentice who has completed the period of training will have to undergo test/examination as per the guidelines issued by Ministry of Skill Development and Entrepreneurship from time to time.

12. प्रशिक्षुओं को कोई परिवहन/हॉस्टल सुविधा अथवा किसी भी रूप में आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी। There is no provision for providing Transport/Hostel facility or any other form of residential accommodation to the apprentices.

13. एक से अधिक ट्रेड हेतु पात्र होने पर भी अभ्यर्थी केवल एक ही ट्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं।
Each candidate is required to submit only one application form and apply against not more than one trade, irrespective of number of trades eligible for.

14. तापबिघ संयंत्र स्थल के आस-पास के गांवों मे रहने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
Preference will be given to the applicants belonging to neighbouring villages around TAPS Plant Site.

15. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म प्रस्तुत करने से पहले, अभ्यर्थी को आश्वस्त होना चाहिए कि वे जिस पद हेतु आवेदन कर रहे हैं, उससे संबंधित पद हेतु विवरण में दिए गए सभी आवश्यक पात्रता मानदंड पूरे करते हैं। यदि अभ्यर्थी पात्र नहीं है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उनकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा। यदि चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थी पास हो जाता है और उसके बाद यह पाया जाता है कि वे पात्रता मानदंड पूरे नहीं करते हैं तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा यदि नियुक्त कर लिया जाता है तो बिना किसी नोटिस या क्षतिपूर्ति के उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।
Before submitting the online application form for apprenticeship, the candidates must ensure that they fulfill all the required eligibility criteria for the apprenticeship for which they are applying as detailed for the respective discipline. If the candidates are not eligible, their candidature will be cancelled at any stage. If the candidates engaged for apprenticeship and subsequently, it is found that they do not fulfill the eligibility criteria, their candidature will be cancelled and apprenticeship will be terminated without any notice or compensation.

16. अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित सभी अभ्यर्थियों को, ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित 'केंद्रीय सरकार फॉर्मेट' में जाति प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ-साथ मूल प्रतियों को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अपिव के केवल वे अभ्यर्थी ही आरक्षण पाने के पात्र होंगे जिनके प्रमाणपत्र में 'नॉन क्रीमीलेयर' होगी, यदि जाति प्रमाणपत्र में उल्लिखित जाति केंद्रीय सूची में दी गई है। नवीनतम ओबीसी प्रमाणपत्र अपलोड/प्रस्तुत करना होगा | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित फॉर्मेट में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित सभी अभ्यर्थियों को, ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में जारी प्रमाणपत्र को अपलोड/प्रस्तुत करना होगा | पीडब्ल्यूबीडी के लिए न्यूनतम अशक्तता 40% स्वीकार्य है|

All candidates belonging to SC/ST/OBC/EWS/PwBD category shall produce self attested copy of the caste certificate in the prescribed 'Central Government' format from the Competent Authority empowered to issue such certificates along with originals for verification. OBC candidates with certificate having the "Non-Creamy Layer" will only be eligible for reservation as per Government of India orders if the caste mentioned in caste certificate appears in the Central List. Latest OBC certificate is to be uploaded/submitted. Economically Weaker Sections (EWSs) candidates should produce certificate from the Competent Authority empowered to issue such certificate in prescribed format. PwBD candidates should upload/produce PwBD certificates in the prescribed format from the Competent Authority empowered to issue such certificates. Minimum disability percentage admissible for PwBD is 40%.

**17.** ट्रेड शिक्षु के लिए पात्र उम्मीदवार अपने आप को वेब पोर्टल www.apprenticeshipindia.org के माध्यम से कौशल विकास एवं उद्यम-ज्ञान पर पंजीकृत या एनरोल कर लें एवं उक्त पंजीकरण संख्या अपने प्रपत्र पर दर्शाए | The eligible candidates for Trade Apprentice shall register/enrol themselves on Ministry of Skill Development and Entrepreneurship for Apprenticeship Training through web-portal www.apprenticeshipindia.org and the registration number should be mentioned in the online application form.

## आवेदन कैसे करें **How to apply:**

1. प्रथमत: अभ्यर्थियों को अपने आप को कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय के वेब पोर्टल www.apprenticeshipindia.org. में पंजीकृत करना होगा |
   First, the candidate has to register himself/herself in the web portal of Ministry of Skill Development and Entrepreneurship www.apprenticeshipindia.org.
2. सफलतापूर्वक पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थी को उपर्युक्त विज्ञापन के लिए एनपीसीआईएल वेब साईट www.npcilcareers.co.in पर ऑनलाइन आवेदन सबमिट करना होगा |
   After successful completion of registration, candidate has to submit online application against the above advertisement in NPCIL website www.npcilcareers.co.in.
3. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात, अभ्यर्थी को कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय में वेब पोर्टल www.apprenticeshipindia.org में फिर से न्यूक्लियर पॉवर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड/तारापुर महाराष्ट्र स्थल के एस्टाब्लिश्मेंट पंजकरण संख्या E05202701247 पर संबंधित आईटीआई ट्रेड में आवेदन करना होगा |
   After online submission of application, he has to also apply for the respective ITI trade in the Establishment Registration No. **E05202701247**), for Nuclear Power Corporation of India Ltd/Tarapur Maharashtra Site in the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship www.apprenticeshipindia.org.
4. . एनपीसीआईएल वेबसाइट www.npcilcareers.co.in तथा www.apprenticeshipindia.org. पर ऑनलाइन आवेदन न करने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेंगें |
   The applications will not be accepted, if not applied in the NPCIL website www.npcilcareers.co.in and in Establishment ID available in www.apprenticeshipindia.org.
5. पंजीकरण पूर्ण करने एवं पंजीकरण संख्या प्राप्त करने हेतु सभी संबंधित जानकारी (जैसेकि अर्हक डिग्री का विवरण, अवधि, अंकों का प्रतिशत, संपर्क मोबाइल नंबर, ईमेल पता आदि) भरना आवश्यक है। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व ये सभी सूचनाएं तैयार रखें।
   It is mandatory to input all the relevant information (such as SSC, ITI qualification duration of ITI Trade, Marks obtained in all Semesters, percentage of marks, contact mobile number, e-mail address etc.) to complete the registration and get the Registration number. Candidates are therefore advised to keep such information ready before applying online.
6. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को जेपीजी फॉर्मेट में फोटोग्राफ को स्केन करना चाहिए, जिसका साइज 50केबी से अधिक न हो और जो कम से कम 125 x 165 पिक्सेल्स (4.4 x 5.8 सेमी) डायमेंसन में हो तथा हस्ताक्षर जेपीजी फॉर्मेट में जिसका साइज 20केबी से अधिक न हो और जो कम से कम 125 x 80 पिक्सेल्स (4.4 x 2.9 सेमी) डायमेंसन में हो। अपलोड किया गया फोटोग्राफ प्रवेश पत्र / साक्षात्कार बुलावा पत्र पर प्रिंट किया जाएगा और केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में बैठने की अनुमति दी जाएगी जिनके फोटोग्राफ प्रवेश पत्र / साक्षात्कार बुलावा पत्र पर प्रिंट किए गए हैं, यदि बुलाया गया तो।

Before applying online in www.npcilcareers.co.in, candidates should scan photograph in JPG format, of size not more than 50KB and a minimum of 125 x 165 pixels (4.4 x 5.8 in cm) in dimensions and signature in JPG format of size not more than 20KB and a minimum of 125 x 80 pixels (4.4 x 2.9 cm) in dimensions.

7. फोटोग्राफ रंगीन तथा उसकी पृष्ठभूमि हल्के रंग की होनी चाहिए, अधिमानत: श्वेत पृष्ठभूमि और यदि अभ्यर्थी चश्मा पहनते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परावर्तन न हो और अभ्यर्थी की आंखें स्पष्टत: दिखाई देती हों। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि फोटो अतिरिक्त रंगीन न हों, हैट /कैप के साथ, अस्पष्ट, साइड फेसिंग वाला, गोगल लगाकर, बहुत छोटा, बहुत धुंधला या उल्टा छापा हुआ न हों। अभ्यर्थी को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किया जाना वाला फोटो अपेक्षित आकार का हो और चेहरा स्पष्टत: दिखाई देता हो।
   The photograph should be in colour, with light coloured background, preferably white colour and if candidates wear glasses make sure that there are no reflections and candidates eyes can be clearly seen. Candidate must ensure that photograph should not be uploaded extra colour, with hat/cap, blur photographs, facing sideways, with goggle, too small, too dark, inverted. Candidate must ensure that Photo to be uploaded is of required size and face should be clearly visible.
8. आवेदक को यह सुनिश्चित करना है कि हस्ताक्षर की इमेज स्पष्ट रूप से दिखाई देती हो और सफेद कागज पर नीली/काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करने हैं। बिना हस्ताक्षर के आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
   The applicant has to ensure that the signature image should be clearly visible and has to sign on white paper with blue/black ink pen. Unsigned applications will be summarily rejected.
9. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड नोट करके रखें क्योंकि वैबसाइट पर आवेदन का स्टेटस देखने हेतु उन्हें इस लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड की जरूरत पड़ेगी। पंजीकरण पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन नंबर के साथ एक ईमेल भी भेजा जाएगा।
   Candidates are requested to make note of the login id and password, as they will need this login id to the website to check their application status. An email will also be sent to the candidate with the application number, after completion of registration.

**एनपीसीआईएल वेब पोर्टल : www.npcilcareers.co.in में ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवेदकों के लिए निर्देश :**
**Instructions to applicants for filling Online Application for apprenticeship training in NPCIL web portal : www.npcilcareers.co.in :-**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएगें। हस्तलिखित/टाइपलिखित हार्ड फॉर्मेट में व्यक्तिगत रूप से या अन्य किसी तरीके से भेजे गए या अन्य किसी रूप में प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर वि नहीं चार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के साथ किसी प्रमाणपत्र/अंकतालिका आदि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। एनपीसीआईएल को कोई दस्तावेज/आवेदन फॉर्म आदि भेजने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, अभ्यर्थी यदि चयनित होता है तो एनपीसीआईएल को प्रस्तुत करने के लिए आवेदन का प्रिंट आऊट ले सकता है।
   Application will be accepted through ONLINE mode only. Applications submitted in any other form including handwritten/typewritten in hard format delivered in person or by other means shall not be entertained. However candidate may take print-out of the application form which needs to be submitted at the time of reporting for apprenticeship training, if selected.
2. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म प्रस्तुत करने से पहले अभ्यर्थी को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में यथा प्रकाशित आयु, शैक्षणिक अर्हता के संबंध में सभी पात्रता मानदंड पूरा करते/करती है। प्रारंभिक स्क्रीनिंग मुख्यत: ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में दी गई सूचना के आधार पर होगी। इसलिए, सुस्पष्ट सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सभी विवरण ध्यानपूर्वक एवं सही-सही भरें। अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने एसएससी/एचएससी स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी का अध्ययन किया हो तथा साक्षात्कार के समय उसके समर्थन में बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र/अंकतालिका की प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए।
   Before submitting the online application form, the candidate must ensure that he/she fulfills all the eligibility criteria with respect to age, educational qualifications, ITI Trade as published in the advertisement. Initial screening is primarily based on the information provided in the online application form. It is, therefore, strongly advised that all the details should be entered carefully and correctly in online application form.
3. ऑनलाइन पंजीकरण की प्रकिया के निम्नलिखित चरण हैं: The Online registration process consists of following steps:

   a. **चरण 1:** आवेदक को सभी मूलभूत सूचनाएं जैसे नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, ईमेल, संपर्क मोबाइल संख्या, पीडब्ल्यूबीडी विवरण और अन्य छूट विवरण, यदि लागू हो तो, भरना आवश्यक है। ये चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने पर, आवेदक के ईमेल पर एक सक्रियण लिंक भेजा जाएगा। **आवेदन करें पर क्लिक करें => पंजीकरण हेतु टॉप/बांए मेनू से ऑनलाइन पंजीकरण।**

**Step 1**: The applicant is required to furnish all basic information such as Name, Date of Birth, Category, Email, Contact mobile number, PwBD details, if applicable. On successful completion of this stage, activation link is sent to applicant's email. **Click on Apply=>Online Registration from the top/left menu for Registration.**

b. चरण-2: आवेदक को चरण-1 में पंजीकरण पूरा होने के बाद ईमेल के माध्यम से प्राप्त सक्रियण लिंक पर क्लिक करते हुए अकाउंट को सक्रिय करना होगा।

**Step 2**: The applicant is required to activate the account by clicking on the activation link received through email after completing Registration in Step 1.

c. चरण-3: इस सक्रियण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करते हुए लॉगिन कर सकते हैं। इस चरण में, आवेदक को अपनी शैक्षणिक अर्हता, कार्य अनुभव आदि का समस्त विवरण भरना होगा। यह एक मल्टीस्टेज चरण है जहां आवेदक को वर्तमान स्टेज हेतु आवश्यक सूचना भरने पर ही अगले स्टेज पर जाने की अनुमति होगी। स्टेजों का अनुक्रम निम्नानुसार होगा:

**Step 3**: On successful completion of this activation, candidates can login using their login id and password for **apply online**. In this step the applicant is required to fill in all details of his/her Educational/Technical Qualifications. This is a multi stage step where applicant is allowed to go to next stage only on entering the information required for current stage. The sequence of stages are as follows:

प्रशिक्षुता प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने हैं:
The candidates are required to upload following documents alongwith the online application for apprenticeship training.

i. आईटीआई के सभी सेमेस्टरों की अंकसूची अपलोड करें
Upload ITI marks sheets of all Semesters
ii. आधार कार्ड अपलोड करें (नाम, जन्मतिथि, पता स्पष्ट दिखना चाहिए ) Upload Aadhar card (Name, Date of Birth, address should be clearly visible)
iii. फोटो, हस्ताक्षर अपलोड करें Upload Photo, Signature
iv. अजा/अजजा/अपिव/ईडब्लयूएस/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो तो, अपलोड करें ।
Upload SC/ST/OBC/EWS/PwBD certificate, if applicable
v. आवेदन प्रस्तुत करें Submit Application

उपर्युक्त स्टेज हेतु लिंक अप्लाई ऑनलाइन मेनू में उपलब्ध है। आवेदक “एज्युकेशनल क्वालिफिकेशन्ज” पर क्लिक करके प्रारंभ करें। एक बार जानकारी सेव हो जाने के बाद अगली स्टेज यानी टेक्निकल क्वालिफिकेशन उपलब्ध हो जाएगी जिसमे जानकारी भरनी है।
The links for the above stages are available on Apply Online menu (Apply=>Apply Online). The applicant should start by clicking on the **"Educational Qualifications"** link. Once information is saved, the next stage i.e. **Technical Qualification** will be made available for filling up the information.

वर्तमान स्टेज से संबंधित सभी सूचनाएं भरने पर, आवेदक फॉर्म के बॉटम में सेव एण्ड प्रोसीड टू नेक्स्ट स्टेप (**Save and Proceed to Next Step)** विकल्प का उपयोग कर सकता है, जिससे वर्तमान स्टेज में भरी गई सूचनाएं सेव हो जाएंगी तथा भरने हेतु अगला स्टेज खुल जाएगा। अगला स्टेज अप्लाई ऑनलाइन मेनू में दिए गए लिंक **(Apply=>Apply Online)** का उपयोग करके भी खोला जा सकता है।
सूचना को किसी भी स्टेज में सेव एण्ड प्रोसीड टू नेक्स्ट स्टेप (**Save and Proceed to Next Step)** विकल्प का उपयोग करके सेव किया जा सकता है।
On entering of all the information related to current stage, the applicant can use **"Save and Proceed to Next Step"** option at the bottom of form which will save the information entered in current stage and opens the next stage for filling. The next stage can also be opened using link provided in **Apply Online menu Apply=>Apply Online)**. The information at any stage can be saved using the **"Save and Proceed to Next Step"** option.

जब एक बार आवेदक सबमिट एप्लीकेशन (**Submit Application**) स्टेज पर पहुंच जाता है, तब आवेदक द्वारा भरी गई सभी सूचना का एक ड्रॉफ्ट दिखाई देगा। इस समय आवेदक को पिछले स्टेजों में भरे गए किसी भी विवरण को संशोधित करने की अनुमति होगी।
Once the applicant reaches **"Submit Application"** stage, a draft of all the information entered by the applicant will be shown. At this point the applicant is allowed to modify any details entered in earlier stages.

यदि आवेदक आश्वस्त है कि दी गई सूचनाएं सही हैं, तो वे सबमिट एप्लीकेशन (**Submit Application**) विकल्प का उपयोग करके आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि एक बार आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, दी गई सूचनाओं में आवेदक को किसी प्रकार का बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत, एक आवेदन संख्या उत्पन्न होगी। यदि चयनित हो तो, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करते समय प्रिंटेड आवेदन लाना आवश्यक है। विज्ञापन में दिए गए किसी पद हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया उपर्युक्त उल्लिखित लागू सभी स्टेजों को पूरा करने पर ही पूरी होगी।
If applicant is sure that all the information entered is correct, they can submit the application using **"Submit Application"** option. **Please note that the applicants will not be allowed to make any changes in the information furnished once he/she submits the Application.** After submission of application, an **Application number** will be generated. The printed application is required to be brought at the time of reporting for apprentice training, if selected. **The Online Application Process for engagement of any trade apprentice advertised is complete only after all the above-mentioned applicable steps are complete.**

4. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन की स्थिति लॉगिन करने के उपरांत एप्लीकेशन स्टेटस ऑप्शन (Application Status option) **(Apply=>Application Status)** का उपयोग करके देखी जा सकती है।
   Application Status can be seen by the candidate using "Application Status option" **(Apply=>Application Status)** after Login
5. प्रारंभिक स्क्रीनिंग मुख्यत: ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में दी गई सूचना के आधार पर होगी। इसलिए, सुस्पष्ट सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सभी विवरण ध्यानपूर्वक एवं सही-सही भरें।
   Initial screening is primarily based on the information provided in the online application form. It is, therefore, **strongly advised** that all the details should be carefully and correctly entered in online application form.

6. आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड करने के लिए स्केन्ड हस्ताक्षर और फोटोग्राफ तैयार रखने चाहिए।
   Applicants are required to keep the scanned signature and photograph ready for uploading at the time of online registration.

7. कृपया ध्यान दें कि वैध हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ के बिना ऑनलाइन आवेदन फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।
   Please note that the **'Online Application Form'** without valid signature and photograph will not be accepted.

8. ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति के साथ-साथ निम्नलिखित दस्तावेज (सत्यापन हेतु मूल प्रति और रिकार्ड हेतु स्व-सत्यापित प्रति) प्रस्तुत करने होंगे।
   The following documents (original for verification and a self attested copy for record) along with the hard copy of the Online Application are required to be produced at the time of reporting for medical examination/apprenticeship training :
   a. प्रमाणपत्र- जन्मतिथि (मैट्रिकुलेशन/अंकसूची)
      Certificate - **Date of Birth** ( Matriculation/ Marksheet)
   b. प्रमाणपत्र- एसएससी व आईटीआई के सभी सेमेस्टरों की अंक-सूची
      Certificate/s – SSC and All Semesters ITI Marksheet.
   c. आधार कार्ड की Copy of the Aadhar Card
   d. प्रमाणपत्र- अजा/अजजा (यदि लागू है) Certificate - **SC/ST (if applicable)**
   e. प्रमाणपत्र- अपिव(नॉन क्रीमीलेयर) (यदि लागू है) Certificate - **OBC (if applicable).**
   f. प्रमाणपत्र- ईडब्ल्यूएस (यदि लागू है) Certificate - **EWS (if applicable)**
   g. प्रमाणपत्र- पीडब्ल्यूबीडी(यदि लागू है) Certificate - **PwBD (if applicable).**
   h. संबंधित संस्था द्वारा जारी आचरण प्रमाणपत्र
      Conduct Certificate issued by the concerned Institution

9. भर्ती या ज्वाइनिंग के उपरांत सहित इस भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में, यदि निम्नलिखित में से कोई भी पाया जाता है तो, उक्त आवेदक को अयोग्य ठहराया जा सकता है, अभियोजित किया जा सकता है और एनपीसीआईएल में सभी नियुक्तियों से विवर्जित किया जा सकता है और आवेदक के आवेदन/नियुक्ति को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा तथा एनपीसीआईएल इस संबंध में इन अभ्यर्थियों के किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं करेगा।
At any stage of this process or joining, if any of the following is detected, the said applicant will be liable to be disqualified, prosecuted and debarred for apprenticeship in NPCIL and applicant's application / apprenticeship training shall be rejected immediately and NPCIL will not entertain any correspondence on the issue. :

**यदि आवेदक ने If the applicant :**

a. गलत सूचना दी है या गलत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या Has provided false information or submitted false documents or
b. संबंधित सूचना को छिपाया है या Has suppressed relevant information or
c. पद हेतु निर्धारित मानदंड पूरे नहीं करते हैं या Does not meet the eligibility criteria prescribed for the apprenticeship training or
d. छदमरूप धारण करने के दोषी पाए जाते हैं या Is found guilty of impersonation or
e. उसने अमानवीय या अनुचित फोटोग्राफ अपलोड किए हैं। Has uploaded non-human or irrelevant photograph.

10. इस भर्ती से संबंधित चयनित न होने वाले अभ्यर्थियों की किसी भी प्रकार की क्वेरीज/आरटीआई/रिकॉर्ड को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की दिनांक से केवल छह माह के अंदर ही स्वीकार किया जाएगा। इसके उपरांत किसी प्रकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Any kind of queries/RTIs/records of non merit candidates for engagement of apprenticeship training will be entertained only within six months from the date of final merit. Thereafter, no such request shall be entertained.
11. अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य वर्जन में व्याख्या के आधार पर होने वाली किसी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी वर्जन सही होगा।
English version will be considered in case of any ambiguity/dispute based on definition in any version except in English.
12. किसी विवाद की स्थिति में जिला-पालघर, महाराष्ट्र कानूनी क्षेत्राधिकार होगा।
In case of any dispute, legal jurisdiction will be Dist. Palghar, Maharashtra.
**13.** किसी स्पष्टीकरण/शंका समाधान हेतु अभ्यर्थी बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) भाग और ऑनलाइन क्वेरीज सिस्टम का संदर्भ लें।
For any clarification/queries, candidates may refer the Frequently Asked Questions (FAQ) Section and online queries system.

नोट Note :

(i) ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी विसंगति के लिए एनपीसीआईएल जिम्मेदार नहीं है। इसलिए अभ्यर्थियों को अनुदेशों का सख्ती से अनुपालन करने की सलाह दी जाती है। NPCIL is not responsible for any discrepancy in submitting details ONLINE. The candidates are therefore, advised to strictly follow the instructions.
(ii) आवेदन फॉर्म में अभ्यर्थी द्वारा भरे गए विवरण को अंतिम माना जाएगा तथा आवेदन की आगामी प्रक्रिया इन विवरणों के आधार पर ही होगी। The particulars furnished by the candidates in the Application form for the apprenticeship training shall be taken as Final and further process of the application will be based on these particulars only.
(iii) आवेदन फॉर्म अपलोड/प्रस्तुत करने से पहले, अभ्यर्थी को सतर्क होना चाहिए और पद हेतु आवेदन की पात्रता सुनिश्चित करनी चाहिए। आवेदन फॉर्म का कोई भी संबंधित कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। Before uploading/submission of Application form, the candidates should be cautious and ensure the eligibility to apply for the apprenticeship. No relevant column of the application form should be left blank.

**"NPCIL strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"**